**Need to provide details of all the expenditure incurred on treatment of patients during hospitalization under Ayushman Bharat Scheme-Laid**

श्री जनार्दन मिश्रा (रीवा) **:** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्डधारक हर साल 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा सकता है जिसका पूरा खर्च सरकार उठाती है । ये सुविधा सरकारी एवं प्राइवेट दोनों तरह के अस्पतालों में मिलती है । इसके अन्तर्गत लाभार्थी को अस्पताल में इलाज के दौरान कितना पैसा खर्च हुआ इसका कोई प्रमाण अस्पताल के द्वारा डिसचार्ज होने के बाद लाभार्थी को नहीं दिया जाता है । मेरा सरकार से आग्रह है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान होने वाले सभी खर्च जाँच में कितना खर्च हुआ दवाइयों का कितना हुआ , अन्य मेडिकल उपकरण में कितना लगा आदि का खर्च विवरण अनुसार एक प्रति लाभार्थी मरीज को भी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के टाइम उपलब्ध करायी जाए ।